माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 1257 / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2022–23 दिनांकः 25.08.2022

अति आवश्यक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त परीक्षा केन्द्र जून–2022 द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय
सहारनपुर

विषयः– **विश्वविद्यालय की सत्र 2021–22 की संस्थागत स्नातक / परास्नातक / व्यवसायिक / NEP-2020 के अन्तर्गत B.A., B.Sc., B.Com. द्वितीय सेमेस्टर (जून–2022) की परीक्षाओ हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रो पर लगायें सी0सी0टी0वी0(ओडियो सहित) / डी0वी0आर0 के लिंक एवं IP Address अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओ को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन पत्र संख्या –1043 / सत्तर–1–2022–16(9) / 2018 दिनांक 08 अप्रैल, 2022 के प्रस्तर 02 एवं 03 के द्वारा प्रदान किये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय की परीक्षा केन्द्रो के परीक्षा कक्षो में आगे व पीछे की ओर सी0सी0टी0वी0 कैमरे (वॉइस रिकॉर्डर सहित) लगायें जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त शासनादेश के अनुपालन में संदर्भित पाठ्यक्रमो की परीक्षाओं हेतु आपके महाविद्यालय में बनायें गयें परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से प्रत्येक परीक्षा कक्षो में आगे एवं पीछे के भाग मे दो सी0सी0टी0वी0 कैमरे (वॉइस रिकॉर्डर सहित) एवं रिकॉर्डिंग हेतु डी0वी0आर0 जिस पर राउटर डिवाइस लगी हो, की व्यवस्था करते हुये सी0सी0टी0वी0 कैमरो का लिंक एवं IP Address तथा महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक का वाटसऐफ मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 तत्काल विश्वविद्यालय सी0सी0टी0वी0 नियन्त्रण कक्ष को ई–मेल आई0डी0 ar@msuniversity.ac.in पर तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर ले कि लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरे (वॉइस रिकॉर्डर सहित) एवं रिकॉर्डिंग हेतु डी0वी0आर0 (राउटर डिवाइस सहित) भली भाँति कार्य कर रहे हो।

सहा0 कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक जी माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर को सूचनार्थ।
02. कार्यालय, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
03. परीक्षा समन्वयक माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

सहा0 कुलसचिव